

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

मुश्किलें तो आएंगी,पर हार मानना इंसान की फितरत नहीं होनी चाहिए। जो दूसरों से नहीं, खुद से लड़ता है,वही असली जीत हासिल करता है।

बुधवार 15 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 102 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा के केंद्रीय पुस्तकालय कक्ष में आईक्यूएसी समिति तथा एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य समारोह एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने बाबा साहेब के जीवन–वृत्तांत पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक न्याय, समानता एवं सं. विधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से म. हलाओं के सामाजिक दायित्व एवं उनके मौलिक अधिकारों को सुदृढ़ करने में अंबेडकर जी के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में डॉ. रामानुज प्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. कौशलेंद्र कुमार, डॉ. आनंद माधवन, प्रो. आनंद मूर्ति, डॉ. रेणुका सिन्हा, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. अनीता तलवार, डॉ. विभा सिन्हा, प्रो. पल्लवी सिन्हा, डॉ. राखी कुमारी, डॉ. संध्या चौहान, आनंद शशिभूषण एवं विकास कुमार ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण एवं समाज में समानता स्थापित करने के उनके प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला।





कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार वर्मा ने किया। जबकि सफल संचालन विकास कुमार द्वारा किया गया । इस अवसर पर एनसीसी कैडेट सलोनी कुमारी एवं अंजली आनंद ने भी अपने विचार रखते हुए बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। वहीं आयोजित क्विज़ कॉन्टेस्ट में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी द्वितीय स्थान अंजनी आनंद और तृतीय स्थान सलोनी कुमारी प्राप्त की। सभी को प्राचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## सम्राट चौधरी के भाजपा विधानमंडल दल का नेता चुने जाने पर नालंदा में उत्साह

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा विधानमंडल दल का नेता चुने जाने पर नालंदा जिला में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर बिहारशरीफ विध. ानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार भाजपा का एक समर्पित कार्यकर्ता बिहार के मुख्यमंत्री पद तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास होगा।उन्होंने कहा कि नए नेतृत्व में सम्राट चौधरी, एनडीए के सभी घटक दलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए नीतीश कुमार की विकास यात्रा को आगे बढ़ाएंगे और बिहार के विकास को नई गति देंगे। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी द्वारा अर्जित अनुभव राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा तथा उनके नेतृत्व में बिहार में एनडीए और अधिक मजबूत होकर उभरेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में राज्य में विकास, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित होंगे।

## सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने तरबूज पर सुरों के मल्लिका आशा भोसले को दी अंतिम विदाई

### 10 घंटे की मेहनत, 5.9 किलो तरबूज और भावनाओं से भरी कला–आशा ताई को समर्पित एक अद्भुत कृति

**केशववाणी पटना।** भारत के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने सुरों की महान साधिका के निधन की खबर सुनते ही गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी कला के माध्यम से अनोखी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस भावुक क्षण में उन्होंने पारंपरिक सैंड और लीफ आर्ट से हटकर एक अलग और आकर्षक प्रयोग किया–एक तरबूज पर जीवंत चित्रकारी। करीब 10 घंटे की लगातार मेहनत के बाद उन्होंने 5 किलो 900 ग्राम वज़न वाले तरबूज पर आशा ताई की बेहद खूबसूरत और सजीव तस्वीर उकेरी। इस कलाकृति में आशा ताई को संगीत के प्रतीकों–माइक्रोफोन, सितार और सुरों के साथ दर्शाया गया है, जो उनके जीवन और संगीत यात्रा को दर्शाता है। कलाकार ने इस चित्र के ऊपर अंग्रेज़ी में भावनात्मक संदेश लिखा Your Voice Will Live In Our Hearts Forever और नीचे Tribute to Asha Tai लिखकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यह संदेश न केवल उनके प्रशंसकों की भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि उनकी आवाज़ हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी। मधुरेंद्र कुमार ने बताया कि आशा ताई उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं और उनके गीतों ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया है।




उन्होंने कहा, यह केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि मेरी भावनाओं और सम्मान का प्रतीक है।आशा ताई के निधन से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित कई बड़ी हस्तियों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगीत जगत में उनके योगदान को अमूल्य बताया जा रहा है। दशकों तक अपनी मधुर आवाज़ से लाखों–करोड़ों दिलों पर राज करने वाली इस महान गायिका की कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। मधुरेंद्र कुमार की यह अनोखी कला अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस रचनात्मक और भावुक श्रद्धांजलि की जमकर सराहना कर रहे हैं और इसे कलाकार की सच्ची श्रद्धा का प्रतीक बता रहे हैं। मधुरेंद्र की यह कलाकृति न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सच्ची श्रद्धांजलि दिल से निकलती है–चाहे वह रेत पर हो या एक साधारण से दिखने वाले तरबूज पर।

## गर्मी को लेकर राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी के समय में हुआ बदलाव

### 15 अप्रैल से सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक पर्यटक को का रहेगा प्रवेश।

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** गर्मी को देखते हुए राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी अब पर्यटकों के लिए 15 अप्रैल से सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही खुला रहेगा। इसी समय के अनुसार स्लॉट में बुकिंग किया जायेगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी रा. जकुमार एम एवं राजगीर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने कहा कि राजगीर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक हो गया है। बिहार मौसम सेवा केन्द्र के दैनिक मौसम बुलेटिन के द्वारा राजगीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो सामान्य से अधिक हो रही है। दोपहर के समय काफी गर्मी एवं लू की संभावना है। इससे पर्यटकों के स्वास्थ पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुये पिछले साल की तरह 15 अप्रैल से अगले आदेश तक राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी के संचालन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक ही होगा।







# सम्राट चौधरी के समर्थन में कुशवाहा छात्रावास में बैठक, विजय जुलूस में दिखा उत्साह

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री घोषित किए जाने की चर्चा के बीच रामचंद्रपुर स्थित कुशवाहा छात्रावास में विशेष बैठक सह विजय जुलूस का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि सम्राट चौधरी, जिन्हें "जोगी बाबा" के नाम से भी जाना जाता है, को सम्राट अशोक का वंशज माना जाता है। उनके मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को लेकर न सिर्फ कुशवाहा समाज, बल्कि सभी वर्गों में खुशी और उम्मीद का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने योगी आदित्यनाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रशासन स्थापित किया है, उसी तरह सम्राट चौधरी भी बिहार को एक सशक्त और विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खासकर उनके पास गृह विभाग होने के कारण कानून–व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई गई।



इस मौके पर लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया और सम्राट चौधरी के समर्थन में एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रावास अध्यक्ष डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. पवन कुमार भारती, वार्ड पार्षद संजय आजाद, डॉ. विपिन कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, चमेली वर्मा, पूर्व मुखिया संजय प्रसाद, प्रोफेसर संजय कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक – एसडीओ

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्वीज, भाषण, नृत्य नाटिका, उद्यमी बाजार, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान और वन मिनट चौलेंज गतिविधियों का आयोजन किया गया। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वालों के साथ पहली से 12वीं कक्षा के मेधावी छात्राओं को एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता और डीएसपी सुनील कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जो कार्य किया वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।



डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें न्याय, समानता और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देता है। कहा कि शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को अपनाना भी जरूरी है, तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो पायेगा। प्राचार्य डॉ. राजीव रंजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों का विकास करना है। इस अवसर पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी सोनालिका सिंह, राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार, वार्ड पार्षद मीरा कुमारी, अशोक कुमार एवं अन्य मौजूद थे।

# मानव जीवन का सदुपयोग करें, नशा और मांसाहार से दूर रहें रु संत पंकज जी महाराज

**केशववाणी पटना।** समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना और जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही 67 दिवसीय शाकाहार–सदाचार, मद्यनिषेध एवं आध्यात्मिक यात्रा के क्रम में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज मंगलवार की संध्या अपने 38वें पड़ाव पर पटना जिले के ग्राम जीवनचक पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों ने फूल–मालाओं, बाजे–गाजे और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। सत्संग को संबोधित करते हुए संत पंकज जी महाराज ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मानव जीवन सबसे श्रेष्ठ है, जिसे प्राप्त करने के लिए देवता भी तरसते हैं। उन्होंने रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका सदुपयोग आत्मकल्याण में करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव शरीर में दोनों आंखों के मध्य एक सूक्ष्म केंद्र होता है, जिसे मोक्ष द्वार या ज्ञान चक्षु कहा जाता है। साधना और ध्यान के माध्यम से इस स्थान पर एकाग्रता करने से ईश्वरीय अनुभव प्राप्त होते हैं और जीवात्मा परमात्मा के सान्निध्य तक पहुंच सकती है। महाराज जी ने कहा कि इसके लिए किसी पूर्ण गुरु की शरण में जाकर 'सुरत शब्द योग' की साधना करना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने नामदान की प्रक्रिया समझाते हुए साधना की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डालासामाजिक संदेश देते हुए उन्होंने मांसाहार और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और इसे अच्छे समाज के निर्माण में बड़ी बाधा बताया।



उन्होंने विशेष रूप से माताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों को गलत संगति और अस्वस्थ खानपान से दूर रखें, क्योंकि यही बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि नशा और बुरे कर्मों के कारण समाज में बीमारियां बढ़ रही हैं, जिससे जनहानि की आशंका भी बनी रहती है। संत पंकज जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के वार्षिक भंडारा सत्संग मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विष्णु कुमार, सुधीर कुमार, टुनटुन सिंह, रामदयाल सिंह, शंकर गोप, राजेंद्र कुमार, संतोष यादव, रमाकांत, देशराज यादव, रामनिवास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सत्संग के उपरांत जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव ग्राम पितंबरपुर (फतुहा, पटना सिटी) के लिए रवाना हो गई, जहां बुधवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अगला सत्संग आयोजित होगा।

# नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने का निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर आम लोगों के बीच फैल रही आशंकाओं को दूर करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने बताया कि जिले में संचालित तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 9436 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय प्रावधानों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले का बैकलॉग 4.3 है, जिसे कम कर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। इधर, जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा को भी तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में कई वार्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड तथा राजगीर के 17 वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन पूरी तरह बिछा दी गई है और प्राप्त आवेदनों के आधार पर उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा रहा है।अब तक कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1508 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि 164 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार मानव बल एवं ठेकेदारों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ता अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लें, ताकि उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।



# इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहार शरीफ के तत्वावधान में
## किड्ज़ केयर कान्वेंट के प्रांगण में किया गया योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट** बिहारशरीफ **(नालंदा)।** स्थानीय हाजीपुर मो. हल्ला स्थित किड्ज़ केयर कान्वेंट के प्रांगण में आज एक प्रेरणादायक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का संचालन इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहार शरीफ द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत संबोधन के साथ हुई, जिसके बाद प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि, आज के आधुनिक युग में बच्चों का झुकाव मोबाइल और डिजिटल माध्यमों की ओर अधिक हो गया है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में योग एक ऐसा माध्यम है, जो बच्चों को संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। विद्यालय का प्रयास है कि शिक्षा के साथ–साथ बच्चों के स्वास्थ्य और संस्कार पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। हम भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित






करते रहेंगे ताकि हमारे विद्यार्थी एक स्वस्थ, अनुशासित और जागरूक नागरिक बन सकें।वहीं इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहार शरीफ की प्रेसिडेंट रश्मि रानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। योग हमारे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे हमें नई पीढ़ी तक पहुँचाना चाहिए। हमें अत्यंत खुशी है कि हमें इस विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ जुड़कर उन्हें योग का प्रशिक्षण देने का अवसर मिला। हमारा क्लब आगे भी समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। विद्यालय के शिक्षकगण एवं इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहार शरीफ के सचिव रश्मि कुमारी मंजू प्रकाश एवं अन्य सदस्य गण भी इस अवसर पर उप. स्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की। यह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।



# बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का किया विकास – जयराम सिंह

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** जदयू कार्यालय राजगीर में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जंयती समारोह मनाया गया। जदूय प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी डॉ. अम्बेडकर के बताये सिद्धांत पर चलकर बिहार को विकास के पथ पर ले गये। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचायी। पिछड़े व वंचित लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। इन कार्यों के लिए बिहार की जनता हमेशा उन्हें याद करेगी। श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर मनोज कुमार, किशोर कुमार, बिरेन्द्र कुमार, शशि कुमार, राजेश कुमार, मीरा कुमारी, मुन्ना चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहें के नारों के साथ मनाई गई जयंती

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट** बिहारशरीफ **(नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी, नालंदा द्वारा डॉ. भीमराव अंब. `डकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बिहारशरीफ के आशा नगर मोहल्ले में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही जिला कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिक. ारों के लिए निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी, नालंदा के सभी मंडलों में भी मंडल कमेटियों द्वारा बाबा साहब की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है।



कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री रंजू कुमारी, एससी मोर्चा के अध्यक्ष मणिकांत पासवान, सोनू कुमार हिंदू, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ललन पासवान, गोपाल कुमार, आलोक रंजन, राहुल कुमार, तेतरी देवी, रोशन कुमार यादव सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान द्वारा उपस्थित लोगों के बीच लड्डू का वितरण भी किया गया।









# संविधान निर्माता की 135वीं जयंती पर गूंजा शिक्षित बनो, संगठित रहो का नारा

## हरनौत के संविधान नगर में धूमधाम से मनाया गया बाबा साहब का जन्मोत्सव

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार के कल्याण बिगहा रोड के संविधान नगर मुहल्ले में स्थित मैरिज हॉल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं पावन जयंती भव्य उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और भारी संख्या में जनसमूह ने शिरकत कर बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।पासवान एकता मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य कमलेश पासवान, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ,पासवान एकता मंच के प्रखंड अध्यक्ष शिक्षक रा. जाराम पासवान, सचिव वृंद कुमार पासवान एवं सुधीर पासवान ,अखिलेश पासवान समेत मौजूद थे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता शैलेन्द्र कुमार जबकि संचालन अमरजीत पासवान ने किया। वहीं मुख्य अतिथि कमलेश पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के निर्माता थे। उनके द्वारा रचित संविधान ही आज भारत की एकता और अखंडता का आधार है। उधर विशिष्ट अतिथि श्री सिंह ने भी अपने विचार साझा किए।उन्होंने बच्चों को पढ़ाने आदि पर जोड़ दिया।



वहीं पासवान एकता संघ के अध्यक्ष राजाराम ने कहा कि वर्तमान दौर में बाबा साहब के विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना है। वहीं कार्यक्रम के अंत में डॉ. भीमराव अंबेडकर निःशुल्क शिक्षण संस्थान के स्वयंसेवकों ने समाज सेवा का संकल्प लिया। वहीं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन पासवान एकता मंच के अध्यक्ष शिक्षक राजाराम ने किया। मौके पर पासवान एकता मंच के कोषाध्यक्ष योगेंद्र पासवान, डॉ श्रवण कुमार ,अरुण कुमार, दिलीप पासवान, वीरेंद्र पासवान,दीपक कुमार,गौतम कुमार,रेखा देवी समेत अन्य मौजूद थे।

# भारत रत्न,महामनव डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास, उत्सव और धूमधाम से मनाया गया



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ के मो. हल्ला देवीसराय स्थित अंबेडकर चौक पर अतिपिछड़ा/दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए 135वीं जयंती हर्षोल्लास,उत्सव और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिपिछड़ा/दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी एवं भूतपूर्व सचिव अनुसूचित/जनजाति कर्मचारी संघ सह संस्थापक एवं संरक्षक हरेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) उनके महान कार्यों, भारतीय संविधान के निर्माण, समाज सुधार,समानता के लिए किए गए संघर्ष को सम्मानित करने के लिए मनाई जाती है। यह दिन सामाजिक न्याय पिछड़ों के अधिकार और शिक्षा के प्रति उनके विचारों को याद करने का पर्व है। इस दिन उनके स्मरणा को अभिवादन किया जाता है।जयंती के दिन भारत के कई राज्यों में सार्वजनिक अवकाश के रूप में घोषित किया जाता है। नई दिल्ली, संसद में उनकी मूर्ति पर हर वर्ष भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेताओं तथा आम लोगों द्वारा अभिवादन किया जाता है। अंबेडकरवादी लोग अपने घरों में उनकी प्रतिमा को अभिवादन करते हैं। सार्वजनिक लगी अंबेडकर मूर्तियों पर लोग उन्हें पुष्प माला पहनकर सम्मान देते हैं, उनकी मूर्ति को सामने रख लोग परेड करते हैं ढोल बजाकर नित्य का भी आनंद लेते हैं।पूरे भारत भर में गांव नगर तथा छोटे–बड़े शहरों में जुनून के साथ अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। महाराष्ट्र में अंबेडकर जयंती बड़े पैमाने पर मनाई जाती है। अंबेडकर की जन्मदिवस उत्सव के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं,जिसमें चित्रकारी, सामान्य ज्ञान प्रश्न–उत्तर प्रतियोगिता, चर्चा, नृत्य,निबंध लेखन, परिचर्चा, खेल प्रतियोगिता और नाटक जिसके लिए पास के स्कूलों के विद्यार्थियों सहित कई लोग भाग लेते हैं इस उत्सव को मनाने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। अंबेडकर जयंती संपूर्ण विश्व में मनाई जाती है अधिकांश रूप से अंबेडकर जयंती भारत में मनाई जाती है, भारत के हर राज्य में राज्य के प्रत्येक जनपद में और जनपद के लाखों गांव में मनाई जाती है। भारतीय समाज, लोकतंत्र,राजनीति एवं संस्कृति पर अंब. `डकर का गहरा प्रभाव पड़ा है। 200 देशों में हर वर्ष डॉक्टर अंबेडकर जी की जयंती मनाई जाती है।डॉ आंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। उन्होंने भारत को एक लोकतांत्रिक और कानून का शासन देने वाला राष्ट्र बनाया। उन्होंने आजीवन जाति– आधारित भेदभाव अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ी।उन्होंने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों,पिछड़ों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और कानूनी अधिकारों की वकालत की। उन्हें श्ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। जिन्होंने अपनी विद्वता से राष्ट्र को नई दिशा दी।यह दिन उनके संघर्षों को याद करने और समाज में भाईचारा में समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का अवसर है।यह जयंती विशेष रूप से भारत में 14 अप्रैल को बड़े उत्सव के साथ बनाई जाती है जिसे समानता दिवस के रूप में भी देखा जाता है। इस अवसर पर भोला पासवान रंजीत कुमार चंद्रा रमेश प्रसाद शिक्षक रंजीत कुमार अजीत कुमार सत्येंद्र पासवान अतिपिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित महेंद्र प्रसाद सुरेंद्र शर्मा शाहनवाज अवधेश पंडित विनोद रजक अवधेश प्रसाद अजीत कुमार चौधरी चंदन कुमार अनीश कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में उप. स्थित थे।

# नालंदा में अधेड़ की पीट–पीटकर हत्या, गांव में तनाव; आरोपी फरार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा थाना क्षेत्र के बड़गांव स्थित मांझी टोला में सोमवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां 55 वर्षीय अधेड़ की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान तुलसी मांझी के पुत्र चंदेश्वर मांझी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि आरोपी परिवार समेत फरार बताया जा रहा है।

**नशे में विवाद के बाद हिंसक झड़प**

जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत रविवार सुबह हुई थी। मृतक के पुत्र गोपाल ने बताया कि उनके पिता नशे की हालत में पड़ोसी वीरेश मांझी के घर में घुस गए थे, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान चंदेश्वर मांझी को गंभीर चोटें आईं।

**इलाज के अभाव में गई जान**

परिजनों द्वारा घायल को समय पर बेहतर इलाज नहीं मिल सका। बताया गया कि रविवार को स्थानीय स्तर पर ही उनका प्राथमिक उपचार कराया गया, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण देर शाम उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया।
सोमवार सुबह मौत की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

मृतक चंदेश्वर मांझी नालंदा खंडहर के पास एक होटल में प्लेट साफ करने का काम कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे।



उनके तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनमें से दो बेटे दूसरे राज्य में ईंट–भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। पिता की मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

**पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही नालंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक अक्सर नशे की हालत में विवाद करता था, इसी को लेकर मारपीट हुई।
उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120




